भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. **3030**
बुधवार, **21** मार्च, 2018/3**0** फाल्गुन, 1939 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

थीम पर्यटन सर्किट

3030. श्री अनुभव मोहंतीः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने वर्ष **2018-19** हेतु **10** थीम पर्यटन सर्किटों को सूची में रखने का विचार किया है;

(ख) क्या सरकार परिकल्पित थीम के साथ-साथ उन **10** थीम पर्यटन सर्किटों की सूची प्रदान करेगी; और

(ग) इन **10** थीम पर्यटन सर्किटों हेतु बजट आवंटन कितना है तथा निधियों के आवंटन का थीम-वार ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री के.जे. अल्फोंस)

(क) से (ख): पर्यटन मंत्रालय देश में 15 थीमेटिक परिपथों नामतः पूर्वोत्तर परिपथ, बौद्ध परिपथ, हिमालयन परिपथ, तटवर्ती परिपथ, कृष्णा परिपथ, मरुस्थल परिपथ, जनजातीय परिपथ, इको परिपथ, वन्यजीव परिपथ, ग्रामीण परिपथ, अध्यात्मिक परिपथ, रामायाण परिपथ, विरासत परिपथ, सूफी परिपथ तथा तीर्थंकर परिपथ को थीम आधारित पर्यटक परिपथों का एकीकृत विकास-स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत विकसित कर रहा है।

(ग) : इस योजना के अंतर्गत निधियों का आवंटन परिपथ वार नहीं किया जाता और परियोजनाएं निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिर्पोट प्रस्तुत करने, योजना दिशा-निर्देशों अनुपालन और पहले जारी निधियों के उपयोग की शर्त पर स्वीकृत की जाती हैं।

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत निधियों के आवंटन का थीम-वार ब्यौरा अनुबंध पर है।

****

अनुबंध

थीम पर्यटन सर्किट के सम्बन्ध में दिनांक 21.03.2018 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3030 के भाग (ग) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत निधियों के आवंटन का थीम-वार ब्यौरा ।

क्र.सं.	थीम	स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
1	पूर्वोत्तर परिपथ	**8**	**723.57**
2	बौद्ध परिपथ	**5**	**361.97**
3	हिमालयन परिपथ	**7**	**668.95**
4	तटवर्ती परिपथ	**11**	**895.98**
5	कृष्णा परिपथ	**2**	**188.8**
6	मरुस्थल परिपथ	**1**	**63.96**
7	जनजातीय परिपथ	**4**	**381.37**
8	इको परिपथ	**5**	**460.74**
9	वन्यजीव परिपथ	**2**	**187.89**
10	ग्रामीण परिपथ	**1**	**44.65**
11	अध्यात्मिक परिपथ	**10**	**678.00**
12	रामायाण परिपथ	**2**	**202.76**
13	विरासत परिपथ	**9**	**780.23**
14	तीर्थंकर परिपथ	**0**	**0**
15	सूफी परिपथ	**0**	**0**
	कुल	67	**5638.87**

****